# 10 गारंटियां राजधर्म, हर हाल में पूर्ण करेंगे: उप मुख्यमंत्री

## चंबा जिला में आगामी 5 वर्षों में किए जायेंगे 50 दौरे: डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने डलहौजी विधानसभा क्षेत्र प्रवास के दौरान सलूनी में आयोजित जनसभा को अध्यक्षता की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 10 गरंटियाँ हमारा राजधर्म है जिसको आगामी 5 वर्षों के भीतर हर हाल में पूर्ण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को हमने पुरानी पेंशन योजना देने की बात कही थी जिसे प्रदेश की पहली ही कैबिनेट बैठक में पूर्ण किया गया। हमने 1 लाख 36 हजार कर्मचारियों को उनकी पुरानी पुरानी पेंशन का अधिकार दे दिया है और चरणबद्ध तरीके से अन्य गारंटियों को भी पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हम आगामी 5 वर्षों के भीतर जिला के 50 दौरे करेंगे, ताकि जिला के लोगों को सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सके।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आज डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 88



करोड़ रुपए की परियोजनाओं के शिलान्यास एवं उद्धघाटन किए गए है, जिस से क्षेत्र की जनता को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की सरकार बनते ही हमने विकासात्मक कार्यों का गति प्रदान की है। उन्होंने बताया की चंबा जिला के लिए जल शक्ति विभाग के अंतर्गत लगभग 1000 करोड़ रुपए के कार्य प्रस्तावित है वहीं डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में जल शक्ति विभाग के तहत लगभग पौने 400 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि डलहौजी शहर को 24/7 पानी उपलब्ध कर प्रदेश का पहला शहर स्थापित किया जायेगा। वही पानी की निगरानी के लिए जांच सुविधा केंद्र भी उपलब्ध किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पेयजल के साथ साथ अब सिंचाई परियोजना पर भी कार्य किया जायेगा ताकि प्रदेश के किसानों को उनकी आमदनी में इजाफा हो से। इस संदर्भ में उन्होंने अधिकारियों को योजनाएं तैयार करने के भी निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने गडमाता मंदिर के लिए भी 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। पूर्व मंत्री एवं विधायक आशा कुमारी ने उप मुख्यमंत्री का डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में पधारने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सलूनी पेयजल परियोजना से आज 30 हजार की आबादी की प्यास बूझेंगी। वही डलहौजी शहर के लिए उथाऊ पेयजल योजना से डलहौजी शहर में पानी की समस्या भी हमेशा हमेशा के लिए खत्म होंगी।

# पांवटा में राज्य स्तरीय बास्केटबॉल मुकाबले 20 मई से



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर बास्केटबॉल संघ 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के लडके व लड़कियों की राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। बता दें यह प्रतियोगिता गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल पांवटा साहिब में 20 से 22 मई को होने जा रही है। जिसके लिए सिरमौर की लडके व लड़कियों की टीम के लिए ट्रायल 13 मई को दोपहर के बाद 4 बजे गुरु नानक मिशन स्कूल पांवटा साहिब में आयोजित किए जाएंगे।

इच्छुक खिलाड़ी अपने जन्म तिथि प्रमाण पत्र 1-1-2007 तक या इससे कम हो वह संघ के पदाधिकारी गुरनाम सिंह और इकबाल कौर को नंबर 7876451467 या 8580516041 पर संपर्क कर सकते है।

# सीएमओ ने जांची अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय पाठक ने सिविल अस्पताल ददाहू का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रोगियों को अस्पताल में भर्ती करने के निर्देश दिए ताकि गंभीर रोगियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। गौर हो कि शौचालयों की मरम्मत के चलते सिविल अस्पताल ददाहू में इंडोर की व्यवस्थाएं बाधित हैं। इसके चलते बीते शुक्रवार से रोगियों को अस्पताल में भर्ती नहीं किया जा रहा था। उन्होंने चिकित्सकों के साथ बैठक कर अस्पताल की तमाम व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अस्पताल में जरूरी उपकरणों की कमी पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ उपकरणों को आरकेएस और कुछ उपकरणों को विभाग के माध्यम से अस्पताल में उपलब्ध करवाया जाएगा।

उन्होंने आपातकालीन स्थिति में रोगियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ कुशल व्यवहार से पेश आने के निर्देश दिए। इस मौके पर सिविल अस्पताल ददाहू के प्रभारी डॉ अशोक ठाकुर, डॉ अमन प्रीत सिंह, डॉ.वनोद तोमर, डॉण प्रगति गौतम और डॉ. अनुप्रिया सहित अस्पताल के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# उप-मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन निरीक्षण कुटीर की कार्य प्रगति का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज बनीखेत में जल शक्ति विभाग के निमार्णाधीन निरीक्षण कुटीर की कार्य प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य एक साल की समय अवधि के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण कुटीर का निर्माण कार्य लगभग सवा दो करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है जिसके अंतर्गत 3 मंजिल बनाई जाएंगी। निरीक्षण कुटीर में कमरों के अलावा एक सम्मेलन कक्ष का भी प्रावधान रखा गया है।

उन्होंने कहा कि निरीक्षण कुटीर



के निर्मित होने से स्थानीय जनता को भी इसका लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक आशा कुमारी, उपायुक्त चंबा अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, मुख्य अभियंता जल शक्ति विभाग सुनील कनोत्रा एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पहले अपने गिरेबान में झांके फिर पार्टी पर बयानबाजी करें जवाहर ठाकुर: पाल वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

जिला परिषद के अध्यक्ष पालवर्मा ने जवाहर ठाकुर द्वारा भाजपा को प्राइवेट लिमिटेड पार्टी करार देने के बयान पर पलटवार किया है। मंडी में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान पाल वर्मा ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि जिस थाली में खाया उसी में छेद करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि जो भी आरोप पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर ने पार्टी पर लगाए हैं उनका कोई वजूद नहीं है। भाजपा पार्टी ने उन्हें 3 मर्तबा पार्टी का टिकट दिया परंतु आज



जिस भाषा का प्रयोग कर रहे है वह सही नहीं हैं। भाजपा का टिकट पार्टी हाईकमान तय करती हैं और जब उनको पहले पार्टी ने टिकट दिया तो भी किसी का टिकट कटा था।अब चुनावों के 6 महीने बाद टिकट का रोना और पार्टी के खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी करना सही नहीं हैं। उन्होंने कहा की जवाहर ठाकुर किस के इशारे में बयानबाजी कर रहे हैं इस बारे में तो वह कह नही सकते पर जिस पार्टी ने उन्हें एमएलए बनाया उसी के खिलाफ अब इस तरह की बयानबाजी दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष का नेता मंडी से हो या कांगड़ा से होए यह जवाहर ठाकुर के दायरे में नहीं आता। पार्टी ने किस प्रकार चुनाव लड ?ा है और किसे टिकट देना है यह पार्टी के अधिकार क्षेत्र में है। उन्होंने कहा कि जवाहर ठाकुर को अपनी हद में रह कर बयानबाजी करनी चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### एसबीआई ज्वाली के पास लगा एटीएम खराब, उपभोक्ता हो रहे परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/ज्वाली/विजय समयाल**

उपमंडल जवाली के अधीन भारतीय स्टेट बैंक जवाली की एटीएम खराब होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उपभोक्ताओं ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक जवाली के साथ ही एटीएम स्थापित है लेकिन यह पिछले करीबन छह माह से खराब पड़ी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि हम एटीएम कार्ड लेकर पैसे निकलवाने एटीएम जवाली में जाते हैं तो एटीएम मशीन खराब होने से मायूस होकर लौटना पड़ता है। जवाली बाजार में रोजाना सैंकड़ों के हिसाब से दूरदराज से लोग सामान खरीदने आते हैं तथा दुकानदारों सहित लोग एटीएम में पैसे निकलवाने जाते हैं लेकिन उनको मायूस होकर लौटना पड़ता है। कई बार तो एटीएम से पैसे न निकलने के कारण लोगों को खाली हाथ ही वापिस लौटना पड़ता है। उपभोक्ता भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधन को कोसते हैं। ज्यादा परेशानी शाम चार बजे के बाद आती है क्योंकि उससे पहले तो बैंक के अंदर लगी एटीएम से पैसे निकलवा सकते हैं परन्तु चार बजे के बाद बैंक में भी लेनदेन नहीं होता है और उपभोक्ताओं को भारी परेशानी होती है। उपभोक्ताओं ने कहा कि छह माह से एटीएम मशीन खराब है लेकिन बैंक प्रबंधन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि बैंक के पास लगाई गई एटीएम मशीन को ठीक करवाया जाए ताकि उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो।

### जिला किन्नौर के निचार उपमण्डल को तंबाकू मुक्त पंचायत बनाने हेतु खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**

डॉ राजेन्द्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा के कैच समुदायक चिकित्सा विभाग के हेड प्रो. डा. सुनील रैना के मार्गदर्शन में आई कैच टीम द्वारा तंबाकू मुक्त पंचायत बनाने हेतु जिला किन्नौर के निचार खण्ड में पंचायती राज संस्थाओं के लिए खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ राजेन्द्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा की परियोजना समन्वयक डॉ साक्षी एवं जिला समन्वयक डॉ ऐश्वर्या ने तम्बाकू के दुष्प्रभाव, कोटपा वर्गो, तम्बाकू मुक्त पंचायत बनाने के मापदंड पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद खरीदना व बेचना कानूनी अपराध की श्रेणी में आते है।

# जून माह के दूसरे सप्ताह में आयोजित किया जाएगा रेडक्रॉस मेला : उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जून माह के दूसरे सप्ताह में प्रदर्शनी मैदान कुल्लू मे आयोजित किया जाएगा जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेला। यह जानकारी आज उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले के आयोजन को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले का भव्य स्तर पर आयोजन किया जाएगा। रेडक्रॉस मेले में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित बनाए जाने तथा आकर्षक बनाए जाने के लिए मेले के दौरान अनेक कार्यक्रम



आयोजित किए जाएंगे। जिनमें विभिन्न विभागों रेडक्रॉस स्वास्थ्य आयुष पर्यटन, लोक निर्माण विभाग जल शक्ति, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, पशुपालन, मत्स्य, महिला एवं बाल कल्याण, कल्याण विभाग, सहकारिता, पथ परिवहन, कृषि,बागवानी, वन, उद्योग, हिम ऊर्जा, विद्युत विभाग, जीएचएनपी, नगर परिषद व जिलाधीश कार्यालय कर्मचारी संघ द्वारा अपने-अपने विभागों की विकासात्मक प्रदर्शनी लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि मेले को आकर्षक बनाए जाने के लिए जिले के स्वयं सहायता समूह द्वारा कुल्लू के पकवान विशेषकर मोटे अनाज से तैयार व्यजनों की बिक्री तथा प्रदर्शनी लगाई जाएगी।इस दौरान विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा भी स्टॉल लगाये जायंगे।वरिष्ठ नागरिकों के लिये मैराथन के आयोजन के अलावा साइकिल रेस, महिला कर्मचारियों के लिये म्यूजिकल चेयर रेस, शतरंज प्रतियोगिता, वॉलीबॉल, बॉक्सिंग प्रतियोगिता मेले का आकर्षण होंगे।विभागों की पुरुष तथा महिलाओं के लिए टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता के अलावा अंतर विद्यालय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जायेगा। मेले में दिव्यांगजनो के लिए खेल आयोजित किये जायेंगे।रेडक्रॉस मेले के दौरान रक्तदान शिविर, बेबी शो, म्यूजिक शो, डॉग शो पुष्प प्रदर्शनी, फ न एंड थ्रिलएरेसिपी प्रतियोगिता व तम्बोला का भी आयोजन होगा।मेले के दौरान पुस्तक प्रेमियों के लिये बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सहयोग से बुक फेयर का आयोजन भी किया जाएगा। मेले के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों के अलावा भाषा एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से जिले की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले नृत्य लोक नाट्य मेले का आकर्षण होंगे।

# बदलते मौसम में स्वास्थ्य का ध्यान रखें लोग :भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मौसम के बदलते मिजाज को लेकर लोग सावधानी बरतें ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी की जकड़ में ना आ सके।

सीएमओ मंडी डॉक्टर नरेंद्र कुमार भारद्वाज ने कहा कि मौसम कभी ठंडा हो रहा है तो कभी गर्मए इसको लेकर लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि गर्मी के मौसम के चलते प्राचीन जल स्त्रोतों का निरीक्षण करें और सैंपल भरे जाए।

# शमशान घाट चैलचौक की दयनीय हालत देख स्थानीय लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

संत सात पंचायतों के दर्जनों गांवों को हजारों लोगों के इस्तेमाल के लिए बना चैलचौक शमशान घाट में आज भी शव को जलाने के लिए घंटो इंतजार करना पड़ता है। करीब 7 पँचायतों के वाशिंदों के इस्तेमाल करने बाले शमशान घाट को देखकर तरस आता है। जब भी यँहा किसी शव के अंतिम संस्कार के लिए आते हैं तो शव को जलाने से पहले यँहा पर शव स्थान पर नाले से बहकर आई गाद गंदगी को साफ करने के लिए घंटों सफाई अभियान चलाना पड़ता है फिर उसके बाद होता है



दाह संस्कार। स्थानीय लोगों में चैलचौक पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधियों व शमशान घाट कमेटी के प्रति आक्रोश व्याप्त है। आज जब गनेष चौक से एक मृतक का संस्कार करने के लिए चैल चौक स्थित श्मशान घाट लाया गया तो शमशान घाट में पड़ी गंदगी के हालात देख लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। स्थानीय लोग रमेश कुमार, गुरदयाल, राजू राम, मनोज कुमार, चमन शर्मा, संजीव कुमार, शशि कुमार, घनश्याम, संजय कुमार, राम सिंह, चमन आदि ने अपना रोष व्याप्त करते हुए बताया कि आजतक जो भी पैसा सरकार की तरफ से शमशान घाट को विकसित करने को मिला उसका पंचायत के प्रतिनिधियों ने सही से नही किया जिस कारण आजतक शमशान घाट सही से नही बन पाया। इस बारे जब पंचायत प्रधान इंद्रा देवी से बात की गई तो उन्होंने भी माना कि सच मे शमशान घाट के बुरे हाल है व इसके रखरखाव के लिए अब पंचायत द्वारा उचित कदम उठाया जाएगा ताकि भविष्य में दाहसंस्कार करने के लिए स्थानीय लोगों को कोई परेशानी न हो।

# जिला प्रशासन की सयुंक्त टीम ने लिया बरालाचा दर्रा 4850 मीटर सड़क मार्ग का जायजा



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के केलांग मुख्यालय से गुजरने वाले सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण 485 किलो मीटर लम्बे मनाली लेह राष्ट्रीय उच्च मार्ग के बहाली के कार्य का उपायुक्त राहुल कुमार की अगुवाई में जिला प्रशासन, सीमा सडक संगठन, पुलिस की सयुंक्त टीम ने बारालाचा 4850 मीटर ऊँचे दर्रा का जायजा लिया, संयुक्त टीम ने जिला की अंतिम सीमा सरचू तक दौरा किया। बारालाचा दर्रा से नीचे लेह की और भरतपुर तक भारी हिमपात से मार्ग तंग व बर्फ की फिसलन होने के कारण हलके वाहनों की आवाजाही के लिए उपयुक्त नहीं हो पाया है। फिलहाल सयुंक्त टीम ने यह निर्णय लिया है मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए एक सप्ताह के भीतर सीमा सडक संगठन मार्ग को हलके फ ोर बाई फ ोर वाहन के लिए ही बहाल करेगा। उपायुक्त राहुल कुमार ने ऑफि सर कमांडिंग बीआरओ मेजर रविशंकरन को निर्देश देते हुए कहा की एक सप्ताह के भीतर मार्ग के चौड़ा करने व जमीं हुई बर्फ को हटाने के काम में तेज गति प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि बीआरओ के दारचा से कर्मयोगियों श्रमिकों को तैनाती स्थल की ओर सुरक्षित तरीके से भेजा जा रहा है ताकी बहाली कार्य में तेजी ला सके। उन्होंने ने कहा की बीआरओ 70 आरसीसी के साथ रोजाना इस मार्ग की बहाली का अपडेट लिया जा रहा है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से एडवाइजरी भी जारी की जा रही है ताकि प्रतिकूल मौसम में भी एहतियात बरती जा सके। मेजर रवी शंकरऑफिसर कमांडिंग 70 आरसीसी स्टिंगिरी ने बताया की सीमा सडक सगठन दीपक प्रोजेक्ट ने 25 मार्च को ही इस दर्रे के मार्ग से बर्फ हटाने का कर पूर्ण कर लिया था। लेकिन अप्रैल, मई माह में बर्फ वारी और खराब मौसम के कारण इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही नहीं हो पाई।

# हिम कुक्कुट योजना ने संवारा मान दास का भविष्य

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ की गई विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं व कार्यक्रम से लोगों को विशेषकर युवाओं को आर्थिक व सामाजिक रूप से सम्बल बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। इन योजनाओं कार्यक्रमो के कार्यान्वयन से न केवल स्वरोजगार मिल रहा है बल्कि कुछ तो अन्य को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं।कुल्लू जिला में पशुपालन विभाग द्वारा आरम्भ की गई हिम कुक्कुट पालन योजना युवाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने मे सहायक सिद्ध हो रही है। कुल्लू जिले के गावं चनौगी गांव के मान दास पुत्र कुंज लाल के लिए तो हिम कुक्कुट पालन योजना वरदान साबित हुई हैं। मान दास का कहना है कि कोरोना काल में



उनकी प्राइवेट नौकरी छूट गई तथा वे पूरी तरह से बेरोजगार हो गए। बेरोजगारी के चलते उन्हें परिवार के भरण पोषण का डर सताने लगा। इसी दौरान उनके मन मे घर पर ही मुर्गी पालन व्यवसाय शुरू करने का विचार आया। और उन्होंने मंडी जिले के नेरचौक कुछ चूजे खरीद कर घर के एक कमरे मे ही मुर्गी पालन का कार्य आरंभ किया।इस दौरान उन्हें प्रदेश सरकार की हिम कुक्कुट योजना का पता चला तो उन्होंने पशुपालन विभाग के कुल्लू स्थित कार्यालय में उपनिदेशक से सम्पर्क कर मुर्गी पालन को बढ़ावा देने के लिए आरम्भ की गई हिम कुक्कुट पालन योजना की की जानकारी हासिल की।मान दास का कहना है योजना की जानकारी हासिल करने के उन्होंने पशुपालन विभाग को कुक्कुट इकाई स्थापित करने का आग्रह किया।

विभाग द्वारा उन्हें ब्रायलर शैड निर्माण के लिए एक लाख 44 हजार रुपये की राशि अनुदान के रूप मे प्रदान की गईं। इसके अलावा मुर्गियों के खाने पीने के बर्तन व अन्य सामान की खरीद पर 60 प्रतिशत अनुदान दिया गया।उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रथम चरण में 1000 ब्रायलर व 20 क्विंटल आहार 60 प्रतिशत अनुदान जो लगभग 90000 रुपए बनता है दिया गया। उन्होंने बताया कि मुर्गियों के तैयार होने में 40 से 45 दिन लगते हैं। जो बाद में 2 लाख रुपए से अधिक राशि मे बिकी।इस प्रकार पहले बार मे ही उन्हें लगभग एक लाख से अधिक का फायदा हुआ।विभाग द्वारा योजना के तहत तीन चरणों मे 1000 एक हजार यानि 3000 हजार कुक्कुट व आहार 60 प्रतिशत अनुदान पर प्रदान किया जाता।उनका कहना है कि कोई भी व्यक्ति कम से कम साल भर मे यदि 6 चरणों मे 1000,1000 मुर्गियां भी पालते हैं तो लगभग 6 लाख का शुद्ध लाभ कमा सकते हैं।और मुर्गियों की संख्या मे बढ़ोतरी कर और अधिक लाभ कमा सकते हैं।

मान दास का कहना है कि इस कार्य मे उनकी धर्मपत्नी भी सहयोग करती है। इसके साथ-साथ वह युवाओं को कम्प्यूटर का प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहे हैं।

उपनिदेशक पशुपालन डॉ विशाल शर्मा का कहना है कि किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए विभाग द्वारा हिम कुक्कुट योजना आरम्भ की गईं हैं।

जिसके तहत मुर्गी पालन के लिये शैड निर्माण को एक लाख 44 हजार का अनुदान के अतिरिक्त, 3000 ब्रायलर व आहार की खरीद पर 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाता हैं।कोई भी किसान अन्य कार्य के साथ साथ मुर्गी पालन कर अतिरिक्त आय सृजित कर सकता है।मान दास ने मुर्गी पालन के लिये अनुदान प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया।

# खेल शारीरिक व मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी :विक्रमादित्य

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
युवा सेवाएं एवं खेल मामले मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत ही जरूरी है इनसे हमारा शारीरिक व मानसिक विकास होता है। इसलिए हमें कोई न कोई खेल अपने जीवन में अवश्य शामिल करना चाहिए। विक्रमादित्य सिंह ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, शोघी में आयोजित 20वीं अखिल भारतीय डॉ यशवंत सिंह परमार मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि



शिरकत की। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह प्रतियोगिता वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल व विभाग की पहली प्रतियोगिता है, जोकि 09 मई से 11 मई 2023 तीन दिन तक चली और आने वाले समय में इसे और बेहतर तरीके से आयोजित करने की कोशिश की जाएगी। ऐसी प्रतियोगिताओं में स्थानीय लोगों की भागीदारी होती है जिनके सहयोग के बिना प्रतियोगिता आयोजित करवाना कठिन होता है। उन्होंने स्थानीय लोगों के सहयोग के लिए धन्यवाद किया और इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया तथा सभी टीमों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वॉलीवाल हिमाचल का प्रसिद्ध खेल है इसे दूर-दराज के इलाकों में भी खेला जाता है। उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है। आने वाले समय में ग्रामीण डॉकयार्ड का आयोजन हिमाचल प्रदेश में करने जा रहे हैं जो अपने आप में मिसाल होगी। इसमें लगभग 30 हजार युवा भाग लेंगे और इसे आने वाले कुछ महीनों के अंदर लॉन्च किया जाएगा ताकि युवा फिट रहें और नशे से दूर रहें और हर स्तर पर कर मुकाबला सकें चाहे स्टेट गेम हो या रूरल गेम या जिला स्तरीय अथवा राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय खेल हों। युवाओं को अच्छे अवसर मिले सरकार इस तरफ ध्यान दे रही है। खेल मंत्री ने कहा कि खेलों से ही हम अपनी कार्यशैली, शारीरिक विकास व मानसिक विकास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत जलेल के खेल मैदान के विस्तारीकरण के लिए 20 लाख रूपए की राशि स्वीकृत करवाई गई है ताकि ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर सम्भव सहयोग देने की बात भी कही।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने स्कूल की स्मारिका तारिणी का भी विमोचन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिल्ली, द्वितीय स्थान इंडियन रेलवे और तीसरा स्थान हरियाणा ने प्राप्त किया।

# अग्निहोत्री ने भाजपा पर साधा निशाना

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
हिमाचल प्रदेश में भाजपा पूरी तरह से हताश और निराश हो चुकी है। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार भी अब विकास और जनकल्याण के मामलों में रफ्तार पकड़ रही है तो ऐसे में भाजपा की परेशानियों का बढ़ना लाजमी है। यह बात आईएसबीटी ऊना में वीरवार को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मैक्स एजुकेशन ग्रुप की नई शाखा का शुभारंभ पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। इस मौके पर ऊना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा भी उनके साथ मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री ने कहा कि भाजपा के नेताओं को धैर्य रखने की जरूरत है। 5 साल का लंबा अरसा है और यह लंबा अरसा धीरज रख कर



ही काटा जा सकता है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की भाजपा हताश और निराश हो चुकी है यहां तक कि भाजपा के अपने ही नेताओं ने पार्टी नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए हैं। लेकिन उन तमाम चीजों से जनता का ध्यान हटाने के लिए भाजपा लगातार उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को बीच में घसीटने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा को राजनीतिक लड़ाई में पूरी तरह ध्वस्त किया है और कानूनी लड़ाई में भी नेस्तनाबूद किया जाएगा।

मुख्य संसदीय सचिवों और उपमुख्यमंत्री के पद को लेकर भाजपा द्वारा किए जा रहे हमले का जवाब देते हुए मुकेश ने कहा कि भाजपा की हर लड़ाई उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से ही शुरू होती है। उन्होंने कहा कि देश के कितने ही राज्यों में उपमुख्यमंत्री है, जबकि खुद भाजपा शासित कई राज्यों में उपमुख्यमंत्री नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने देश की आजादी के बाद वल्लभ भाई पटेल के प्रथम उप प्रधानमंत्री बनने से लेकर लालकृष्ण आडवाणी के उप प्रधानमंत्री बनने तक सभी नेताओं के नाम भी गिनाए।

उन्होंने कहा कि भाजपा को सिर्फ मुकेश अग्निहोत्री के ही उप मुख्यमंत्री बनने पर दिक्क्त हो रही है।

## झूला झूलते रस्सी का फंदा बनने से बच्ची की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
सदर थाना ऊना के तहत बहड़ाला में 13 वर्षीय बच्ची के झूला झूलते हुए रस्सी का फंदा बनने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मुनीषा कुमारी पुत्री भोला देव निवासी बिहार के रूप में हुई है, जो कि पिछले काफी समय परिवार सहित बहड़ाला में रहते थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मुनीषा बुधवार शाम को बहड़ाला में अपनी झूंगी झोपड़ी में रस्सी से बनाए झूले को झूल रही थी। झूला झूलते हुए समय रस्सी के बीच फंस गई, जिसके चलते फंदा लग गया।

# जनता के सहयोग से छात्राओं के लिए बनाए आधुनिक शौचालय

**▶▶ प्रधानाचार्य कुलदीप डोगरा ने बिना किसी सरकारी सहायता के छात्राओं की सुविधा के लिए 6 शौचालय का निर्माण करवा डाला**

**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**
बात स्कूल को स्वच्छ बनाने की हो या फिर छात्राओ की व्यक्तिगत स्वच्छता की तो इसमें शहीद विजय पाल मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला घुमारवीं ने पूरे क्षेत्र में एक खास पहचान बनाई है। यही कारण है कि इस स्कूल को एक आदर्श स्कूल के रूप में भी देखा जाता है इसी कड़ी में स्कूल प्रधानाचार्य कुलदीप डोगरा ने बिना किसी



सरकारी सहायता के छात्राओं की सुविधा के लिए 6 शौचालय का निर्माण करवा डाला। शौचालयों के निर्माण पर करीब 4 लाख 53 हजार रुपये की राशि खर्च की गई है। इन शोचालय का निर्माण प्रधानाचार्य ने बिना किसी सरकारी सहायता के जनता से ली गई सहयोग राशि से करवाया है। इनका निर्माण में सरकार की तरफ से कोई भी सहयोग नहीं लिया गया है। स्कूली छात्राओं के लिए जनता के सहयोग राशि से बनाए गए इन शौचालयों के निर्माण के बाद इस विद्यालय ने अन्य विद्यालयों के लिए भी एक मिसाल कायम की है। सभी छह शौचालय आधुनिक तथा बेहतर तरीके से बनाए गए हैं। जिनमें से विकलांग बच्चों के लिए अलग से शौचालय का निर्माण भी करवाया गया है। साथ ही बालिकाओं के लिए हाथ धोने के लिए वास वेशन भी लगाए गए हैं, ताकि बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाया जा सके। स्कूलों में पुराने बने शौचालय काफी पुराने थे तथा बच्चों की तादाद को देखते हुए नाकाफ ी थे हालांकि स्कूल में 2 नए भवनों का निर्माण भी करवाया गया था लेकिन उनमें भी शौचालय की कोई सुविधा नहीं दी गई थी। छात्राओं को पुराने शौचालय तक पहुंचने में दिक्कत आती थी जिसमें काफी वक्त निकल जाता था। प्रधानाचार्य कुलदीप डोगरा का कहना है कि स्कूल का वातावरण और स्वच्छता उनके लिए महत्वपूर्ण फोकस है उन्होंने कहा कि स्कूल में स्वच्छता के महत्व को समझते हुए विद्यालय छात्राओं के लिए इन शौचालय का निर्माण करवाया गया है लेकिन अब उनके सामने सबसे बड़ी दिक्कत इन शौचालय को स्वच्छ रखने की है क्योंकि स्कूल के पास से कोई भी सफाई कर्मचारी नहीं है लेकिन फिर भी कोशिश की जा रही है की एसएमसी के माध्यम से सफाई कर्मचारी की नियुक्ति हो ताकि छात्राओं को साफ - स्वच्छ शौचालय उपलब्ध हो सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### एसआईवीटी घुमारवीं करवाएगा अनाथ व आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निशुल्क कोस :पूनम शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
शिवम इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर यानी घुमारवीं की बैठक मुख्य कार्यालय घुमारवीं में संपन्न हुई। बैठक में एसआईवीटी द्वारा अगले शैक्षणिक सत्र को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। जारी बयान में प्रेस सचिव पूनम शर्मा ने बताया कि एसआईवीटी के संविधान अनुसार हर शैक्षणिक सत्र में ऐसे बच्चे जिनके उपर पिता का साया न हो या माता.पिता दोनो का ही साया न हो, के लिए निशुल्क शिक्षा का प्रबंध एसआईवीटी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एसआईवीटी की ओर से ऐसे बच्चों को नाइलेट की ओर से ओ लेवल, सीडैक की ओर से डीएमसीए, पीजीडीएमसी तथा एसआईवीटी की ओर से डीसीए कोर्स निशुल्क करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे धन अभाव के कारण कंप्यूटर शिक्षा से वंचित न रहें इसके लिए एसआईवीटी द्वारा इस प्रकार के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कोर्स जमा दो कक्षा उतीर्ण बच्चों के लिए हैं। पूनम शर्मा ने बताया कि बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना तथा मंडी जिला के जिन-जिन स्थानों पर एसआईवीटी शिक्षण संस्थान की शाखाएं हैं। बच्चे अपनी सुविधानुसार नजदीकी एसआईवीटी संस्थान में औपचारिकताओं को पूरा कर एडमिशन ले सकते हैं। वहीं एसआईवीटी के चेयरमैन दिनेश भुट्टो ने कहा कि समाज में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे कंप्यूटर शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए संस्थान द्वारा यह प्रयास किया गया है। जिसका लाभ बच्चे उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादा जानकारी के लिए घुमारवीं में मुख्य कार्यालय तथा बिलासपुर नगर में एसआइवीटी सोसायटी के महासचिव विजय कुमार से संपर्क किया जा सकता है।

### राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन से सम्बन्धित तैयारियों पर गहन चर्चा की



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने गत दिवस को चण्ड़ीगढ स्थित हरियाणा निवास में अपराह्न 12:30 बजे हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष, ज्ञान चन्द गुप्ता, पंजाब विधान सभा के अध्यक्ष, सरदार कुलतार सिंह संधवां तथा महाराष्ट्रा इस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पुणे के संयोजक राहुल करड़ के साथ 14 से 18 जून, 2023 तक जियो वर्ल्ड कन्वेशन सेंटर बांद्रा-कूर्ला मुम्बई में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन से सम्बन्धित तैयारियों पर गहन चर्चा की।

इस अवसर पर कार्यक्रम की रूप रेखा तथा उसमें चर्चा हेतु शामिल किये जाने वाले विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई। गौरतलब है कि इस सम्मेलन में सभी राज्य विधान मण्डल के लगभग तीन हजार से अधिक विधायक शामिल हो रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण सम्मेलन है जिसमें लोकतन्त्र के महत्व, विधायक के कार्यों की समीक्षा, पारदर्शिता तथा जवाबदेही जैसे विषयों पर चर्चा होनी है।

पठानिया ने देश की सभी विधान सभाओं के सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल हों तथा अपने अनुभव व सुझावों को सभी के साथ सांझा करें।

## जेरख गांव की नैंसी शर्मा ने नर्सिंग ऑफि सर बनकर पूरा किया सपना, एम्स जम्मू में देंगी सेवाएं

**▶▶ उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट संस्थान को दिया हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
जिले की सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत धार-टटोह के जेरख गांव की नैंसी शर्मा ने अपना नर्सिंग ऑफिसर बनने का सपना पूरा किया है। नैंसी शर्मा कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट की छात्रा रही है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट संस्थान को दिया हैं। कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट संस्थान की निदेशिका अंजना ठाकुर व प्रधानाचार्य नम्रता नेगी ने बधाई देते हुए इसे इंस्टीट्यूट के लिए एक मिसाल बताया तथा कहा कि प्रशिक्षुओं ने लगातार एकाग्रता से अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दिया और अपने लक्ष्य को हासिल किया है। नैंसी शर्मा का नर्सिंग ऑफिसर की परीक्षा में देश की सूची में नाम अंकित करना भी कोल वैली नर्सिंग संस्थान के लिए गर्व की बात है। संस्थान ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना व निरंतर आगे बढ? का आशीर्वाद दिया है। बता दें बीते वर्ष भी कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट की छह छात्राएं एम्स में नर्सिंग आफि सर बनी थी।



नैंसी ने अक्टूबर 2022 में नॉरसेट की परीक्षा पास की है, इसमें उन्होंने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अब नैंसी शर्मा बतौर नर्सिंग ऑफिसर एम्स विजयपुर जम्मू में सेवाएं देंगी। नैंसी शर्मा ने 12वीं की पढ़ाई कोटा राजस्थान से की है। उसके बाद उन्होंने नर्सिंग को अपना प्रोफेशन चुनते हुए जिले के कोल वैली नर्सिंग कॉलेज से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की। इसके साथ वह अन्य परीक्षाओं की तैयारी भी करती रहीं।उन्होंने चार साल चंडीगढ़ के मैक्स अस्पताल में सेवाएं दी हैं। उनकी माता पुष्पा शर्मा गृहिणी और पिता रतन लाल शर्मा शिक्षा विभाग से प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त ने बताया कि उनके तीन बच्चे है, उनमें सबसे बड़ी बेटी ने बीडीएस की है और रिसर्च सेंटर मोहाली में बतौर डॉ सेवाएं दे रही है। नैंसी से एक छोटा बेटा है जो मैरीटेक कंपनी में इंजीनियर है।

## उड़ीसा निवासी बाबा की मनाली में मौत

**मनाली 11 मई राज अग्रवाल**
उड़ीसा निवासी बाबा स्वामी पुरानन्दा देबतीर्थ की मनाली में मौत हो गई है। बाबा समय समय पर मनाली आता रहता था। आज बीमारी की हालत में उसे सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया था जहां उसकी मौत हो गई। बाबा की जेब से आधार कार्ड व वोटर कार्ड बरामद हुआ है। बाबा की पहचान बाबा स्वामी पुरानन्दा देबतीर्थ गांव बजरपडा थाना व जिला अनुगुल उड़ीसा के रुप में हुई है। पुलिस बाबा का सही पता व परिजनों का पता लगाने में जुटी हुई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस ने बाबा का शव कब्जे में ले लिया है। आधारकार्ड व वोटर कार्ड में लिखे पते पर पुलिस सम्पर्क कर रही है।

## उद्योग मंत्री ने निर्वाचित विधायकों को संबोधित किया



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज नई दिल्ली में लोकसभा सचिवालय में प्रदेश के नवनिर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित अनुकूलन कार्यक्रम को संबोधित किया और अपने अनुभव एवं संसदीय कार्यप्रणाली से उन्हें अवगत करवाया।

हर्षवर्धन चौहान प्रदेश विधानसभा में छठी बार निर्वाचित हुए हैं और विधानसभा के लिए प्रथम बार निर्वाचित सदस्यों ने उनसे अपने अनुभव साझा करने का आग्रह किया था। यह कार्यक्रम लोकसभा सचिवालय द्वारा प्रदेश विधानसभा के सहयोग से 10 से 12 मई, 2023 तक आयोजित किया जा रहा है। मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी भी इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में 21 विधायक भाग ले रहे है।

## विज्ञान व प्रौद्योगिकी के प्रोत्साहन के लिए चल रही कई योजनाएं: कुलपति

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने कहा कि आज हम 25वां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा भारत ने साल 1998 में पोखरण-दो न्यूक्लियर टेस्ट में एक बड़ी सफलता अपने नाम की थी। वहींए पोखरण-एक भारत की पहला न्यूक्लियर टेस्ट था। पहला न्यूक्लियर टेस्ट साल 1974 में किया गया था।

इसे स्माइलिंग बुद्धा के नाम से जाना जाता है। जहां तक पोखरण-दो की बात करें, तो भारतीय सेना ने टेस्ट रेंज से पांच न्यूक्लियर धमाके किए थे। इस न्यूक्लियर टेस्ट का कोड नेम शक्ति-एक न्यूक्लियर मिसाइल था।



भारत को न्यूक्लियर टेस्ट में मिली सफलता के बाद ही तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 11 मई का दिन प्रौद्योगिकी दिवस के नाम किया था। कुलपति ने कहा युवाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी को करियर के रूप में अपनाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए आज कई योजनाएं व कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, इसलिए ऐसे रिसोर्स का सही प्रयोग करते हुए युवाओं को समाज के कल्याण के लिए नवाचार व नई तकनीक को विकसित करने की दिशा में काम करना चाहिए।

# सेब के न्यूनतम मूल्य मामले को लेकर भाजपा ने केंद्र के समक्ष उठाया था मुद्दा :कश्यप

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा विदेशों के सस्ते सेब के कारण भारत में पैदा होने वाले सेब की हालत खराब थी, किसान बागवानों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता था । सेब कारोबारियों को कड़ी मेहनत के बाद भी मार्केट में काफी कंपटीशन का सामना करना पड़ता था जिससे सेब उत्पादकों को फसल का उचित दाम नहीं मिल पाता था। केंद्र सरकार से इस कड़ी में राहत की मांग की जा रही थी और मैंने शिमला से सांसद होने के नाते इस मामले को



लोक सभा में अनेकों बार उठाया था। अब केंद्र सरकार ने किसानों को बड़ी राहत दी है, इससे देश में सेब कारोबार से जुड़े किसान, कारोबारियों की इनकम बढ़ जाएगी। केंद्र

**▶▶ केंद्र ने किसानों को बड़ी राहत दी है, इससे देश में सेब कारोबार से जुड़े किसान, कारोबारियों की इनकम बढ़ जाएगी**

सरकार ने सेब आयात पर अब नई शर्त लगा दी है। इसके तहत 50 रुपये किलो से कम के भाव के सेब का इंपोर्ट नहीं होगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है, अधिसूचना के अनुसार, यदि सीआईएफ (लागत, बीमा, माल ढुलाई) आयात कीमत 50 रुपये किलो से कम आती है तो इस तरह के सेब का आयात नहीं किया जाएगा।इससे हिमाचल के सेब उत्पादकों को बड़ा फायदा होगा, इस फैसले के लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का धन्यवाद करते है। सेब के न्यूनतम मूल्य मामले को लेकर भाजपा ने केंद्र के समक्ष उठाया था मुद्दा।

न्यूनतम आयात मूल्य संबंधी शर्तें भूटान से आने वाले सेब पर लागू नहीं होंगी। शर्तों के अनुार, सीआईएफ इम्पोर्ट प्राइस 50 रुपये प्रति किलोग्राम से कम आएगा तो आयात प्रतिबंधित होगा। भारत में ईरान से सेब की बड़ी खेप आती है। इससे देश में सेब बेहद सस्ता बिकता है, हिमाचल प्रदेश सेब का बड़ा उत्पादक राज्य है। आयात पर शर्तें लगाने या बैन करने की मांग सेब कारोबारी काफी समय से कर रहे थे, अब प्रतिबंध लगने से सेब कारोबारी खुश है। भातर कई देशों से सेब आयात करता है। भारत को सेब भेजने वाले देशों में ईरान, ब्राजील, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, अफ गानिस्तान, फ्रांस, बेल्जियम, चिली, इटली, तुर्की, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और पोलैंड समेत अन्य देश शामिल हैं। अप्रैल-फ रवरी 2023 में भारत ने 260.37 मिलियन डॉलर सेब आयात किया गया था, जबकि 2021-22 में यह 385.1 मिलियन डॉलर रहा।

# 25 मई को किया जाएगा राष्ट्रीय कृमि रोग मुक्ति दिवस का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
राष्ट्रीय कृमि रोग मुक्ति दिवस के सफल आयोजन के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जितेन्द्र सांजटा की अध्यक्षता में डिस्टिक टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन उनके कार्यालय में किया गया। इस जिला स्तरीय बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ आर के अग्निहोत्री ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 25 मई के दिन पुरे जिला में राष्ट्रीय



कृमि रोग मुक्ति दिवस आयोजित किया जाएगा जिसमें 1 से 19 वर्ष तक के लगभग 1,35,759 बंच्चों को अल्बेडाजोल की दवाई तथा पांच वर्ष तक की आयु के बंच्चों को विटामिन, की खुराक दी जायेगी। इसके अलावा 1 से 2 वर्ष तक के बन्चों को आधी गोली यानी 200 मिलीग्राम और 2 वर्ष तक के बंच्चों को पूरी गोली खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि ये दवाई सभी स्कूलों में तथा सभी अंगनवाडी केन्द्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों/नोडल अधिकारीयों की देखरेख में खिलाई जायेगी। बंच्चों के लिए यह दवाई पीसकर दी जायेगीताकि किसी भी अवाछनीय घटना को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि जो बच्चे स्कूल या आंगन वाड़ी में अथवा किसी अन्य संस्थानों में नहीं हैं उन्हें भी यह दवाई आंगनवाड़ी में खिलाई जाएगी जिसके लिए आशा कार्यकर्ता उन्हें केंद्र पर लेने में सहयोग करेगी।

